# उत्तराखंड के टनल रेस्क्यू मिशन पर बनने जा रही 'सिलक्यारा 41', आमिर-कबीर आए साथ



उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी अब बड़े परदे पर दिखाई जाएगी। आमिर खान प्रोडक्शंस, ऑस्ट्रेलिया की माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने मिलकर नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' बनाने की अनाउंसमेंट की है। यह फिल्म साल 2023 में हुए उस ऐतिहासिक रेस्क्यू ऑपरेशन पर बेस्ड होगी, जिसमें सुरंग के अंदर 17 दिनों तक फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया था। इस रेस्क्यू मिशन ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। फिल्म में ऑस्ट्रेलिया के मशहूर

**कहानी ऑस्ट्रेलिया के लेखक एंड्रयू अनास्तासियोस ने लिखी है। निर्देशन कबीर खान करेंगे।**

टनल एक्सपर्ट प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की अहम भूमिका भी दिखाई जाएगी। उन्होंने इस मिशन में महत्वपूर्ण सलाह देकर रेस्क्यू अभियान को सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया था। फिल्म की कहानी ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध लेखक एंड्रयू अनास्तासियोस ने लिखी है, जबकि इसका निर्देशन कबीर खान करेंगे।

## कहानी से प्रभावित हुए आमिर, बोले-'यह साहस की मिसाल है'

आमिर ने इस मौके पर कहा कि सिलक्यारा रेस्क्यू की कहानी ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। उनके अनुसार यह सिर्फ एक हादसे की कहानी नहीं है, बल्कि साहस, धैर्य, उम्मीद और इंसानियत की मिसाल है। इस कहानी को बड़े परदे पर लाना उनके लिए सम्मान की बात है। फिल्म की स्टारकास्ट का ऐलान नहीं किया गया है।